दैनिक न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, सोमवार 29 मई 2023

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### सिमगा-नांदघाट मार्ग पर यात्री बस खड़ी ट्रेलर से भिड़ी, दर्जनों यात्री घायल

**रायपुर (आरएनएस)।** सिमगा-नांदघाट मार्ग में एक यात्री बस सडक़ किनारे खड़ी ट्रेलर वाहन से जा भिड़ी। हादसे में बस क्लीनर की मौके पर ही मौत हो गई हैं, वहीं दर्जनों यात्री घायल हैं। सूत्रों ने बताया कि गुप्ता ट्रेवल्स की एक बस बिलासपुर से राजनांदगांव जाने निकली थी। बस जैसे ही नांदघाट से सिमगा रोड पर आई, कि बस अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे खड़ी एक ट्रेलर से जा भिड़ी। हादसा इतना जोरदार था कि हादसे में बस का परिचालक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं बस में सवार दर्जनों यात्रियों के घायल होने की सूचना है। आसपास के लोगों की मदद से पुलिस यात्रियों को सरगांव प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। हादसा कैसे हुआ? इसका पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं, वहीं घायल यात्रियों के नाम-पते रिकार्ड में लिया जा रहा है।

### छत्तीसगढ़ में कहीं-कहीं दोपहर बाद बदल सकता है मौसम का मिजाज

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच अब राहत की खबर है। मौसम विभाग ने आगामी 48 घंटों के दौरान दोपहर बाद मौसम बदलने, तेज आंधी-तूफान के साथ तेज बौछारें पडऩे की संभावना जताई है। मौसम विभाग से जुड़े सूत्रों ने बताया कि आज रविवार को भी कई स्थानों पर 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से आंधी चल सकती है। इसके अलावा तेज गर्जना के साथ वज्रपात होने की भी आशंका है। शनिवार को बालोद, बलौदा बाजार, बलरामपुर, बेमेतरा, बिलासपुर, दुर्ग, जांजगीर-चांपा, जशपुर, कबीरधाम, कोरबा, कोरिया, महासमुंद, मुंगेली, रायगढ़, रायपुर, राजनांदगांव, सूरजपुर जिले तेज आंधी-तूफान चलने से जरूर रात सुकून से बीता, लेकिन सुबह होते ही चटख धूप ने पारा एक बार फिर से बढ़ा दिया है। आज रविवार को भी मौसम का मिजाज कुछ इसी तरह से रहने के प्रबल आसार बना हुआ है। मौसम विभाग की माने तो प्रदेश के कई जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश होने की चेतावनी दी गई थी। वर्तमान में दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढऩे के लिए बंगाल की खाड़ी में अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं।

### कबीरधाम के बंजारी मंदिर के पास दिखा बाघ

**कवर्धा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के कबीरधाम जिले के घानीखूंटा घाट में बाघ दिखने से आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से खारा और लोहारा रेंज में बाघ का लगातार दहाड़ गूंज रहा है। राहगीरों ने बंजारी मंदिर के पास बाघ को देखा और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया, जो तेजी से वायरल हो रहा है। वन अमला अब बाघ का तलाश कर रहा है। आपको बता दें कि भोरमदेव अभ्यारण्य क्षेत्र जो कान्हा टाईगर रिजर्व से लगा हुआ, जिसके चलते बाघों की चहलकदमी अभ्यारण्य क्षेत्र में बनी रहती है।

### खेतों में लगी भीषण आग, फसल बचाने के जद्दोजहद में जुटे किसान

**धमतरी (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से बड़ी खबर आई है. यहां खेतों में अचानक भीषण आग लग गई है. आग लगने से इलाके में अफरातफरी मच गई है. इस भीषण आग की चपेट में खड़े फसल न आ जाए इसके लिए किसान आग को बुझाने में जुट गए हैं. वहीं किसानों ने दमकल को सूचना दी है। बताया जा रहा है कि धमतरी के दानीटोला नहर से कोलियारी खरेंगा रोड तक खेतों में आग लगी है. वीडियो में देख सकते हैं जहां तक नजर जा रही है वहां तक आग फैल गई है. किसान अपने खड़े फसलों को लेकर चिंतित हैं।

### दो ट्रकों की भिड़ंत में लगी आग

**बलरामपुर (आरएनएस)।** करीब राष्ट्रीय राजमार्ग 343 में दलधोवा में दो ट्रकों के जबरदस्त टक्कर से दोनों ट्रकों में आग लग गई घटना की सूचना पर तत्काल एडिशनल एसपी सुशील नायक के नेतृत्व में पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा वहीं जिला मुख्यालय से तत्काल दो फायर ब्रिगेड आते आते आग की लपटें काफी तेज हो गई थी एवं दोनों ट्रक काफी जल गया था काफी मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका। प्राप्त जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय राज्य मार्ग 343 मे दलधोवा में आज सुबह 3 बजे के करीब सामरी से बॉक्साइट ट्रक बलरामपुर की ओर आ रहा था उसी दौरान विपरीत दिशा से खाली ट्रक विपरीत दिशा से आ रहा था दोनों में टक्कर हुई टक्कर इतना जबरदस्त था की दोनों ट्रक में आग लग गई। ट्रक धू-धू कर जलने लगी सूचना पर एडिशनल एसपी सुशील नायक, थाना प्रभारी सुनील तिवारी, एसआई विवेक भगत जिला यातायात प्रभारी अशोक कुजुर सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा तत्काल नगर सेना से एवं नगर पालिक परिषद बलरामपुर फायर ब्रिगेड बुलाया गया परंतु आज की लपटें इतनी तेज थी कि दोनों ट्रक काफी जल गया था यह घंटे की मशक्कत के बाद पूरा आग बुझाया जा सका।

# माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर नौरंगपुर में हुई कार्यशाला पांच पंचायतों की महिलाओं ने दी अपनी सहभागिता

**❒ जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल एवं कलेक्टर सिन्हा हुए शामिल**





**रायगढ़।** आजादी का अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत रायगढ़ के ग्राम-नौरंगपुर में किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल, कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा, सीईओ जिला पंचायत अबिनाश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पांच पंचायतों की महिलाओं ने अपनी सहभागिता दी।

जिला पंचायत अध्यक्ष पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में देश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। फिर भी आज ग्रामीण महिलाएं माहवारी स्वच्छता को लेकर जागरूक नहीं है। उन्होंने कहा कि माहवारी स्वच्छता पर खुल कर बात करने और लोगों को इसके संबंध में जागरूक करने के लिए माहवारी स्वच्छता से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना चाहिए, जिससे उनमें जागरूकता आए। यह पंचायत 100 प्रतिशत माहवारी स्वच्छता युक्त पंचायत है। जो सरपंच पद्म लोचन पटेल व जिला प्रशासन की कड़ी मेहनत से यह संभव हो पाया है। कलेक्टर सिन्हा ने ग्राम वासियों को बधाई दी व आगे सेनेटरी पैड के सुरक्षित निपटान हेतु ग्राम पंचायत की महिलाओं को मटका इंसिनेटर बनाने हेतु मटका प्रदान भी किया। सीईओ मिश्रा ने जिले में चल रहे पावना मुहिम के बारे में विस्तृत चर्चा की। नोडल मोनिका इजारदार व एसबीएम टीम के द्वारा माहवारी स्वच्छता के संबंध में पंचायत की महिलाओं को डेमोस्ट्रेशन करके दिखाया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारी-कर्मचारी व एनएसएस के हेड भोजराम पटेल सभी वोलेटियर नेहरू युवा केंद्र के हेड चंद्रभूषण आसपास के पंचायतों के टीचर्स व आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं सुपरवाइजर, युवा मितान क्लब के सदस्यों ने रेड डॉट चैलेंज बनाकर माहवरी स्वच्छता को सुरक्षित व सम्मानजनक तरीके अपनाने हेतु जिले को एक सकारात्मक सन्देश दिया। जहां महिलायें माहवारी पर खुलकर बात नहीं कर पाती थी आज वो इस विषय पर कार्यक्रम कर रही है यह बढ़ी उपलब्धि है। इसी प्रकार अन्य पंचायत भी कार्य करें व जिले को 100 प्रतिशत माहवारी स्वच्छता युक्त जिला बनाने हेतु लोग संकल्पित हो।

**नवरंगपुर में पुस्तकालय का हुआ उद्घाटन-** जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल एवं कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की उपस्थिति में ग्राम पंचायत नवरंगपुर में पुस्तकालय का उद्घाटन किया गया। उक्त पुस्तकालय का निर्माण ग्राम पंचायत नवरंगपुर के सरपंच पदमलोचन पटेल के सफल प्रयासों से हुआ। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष निराकार पटेल ने भी स्थानीय नागरिकों को और विद्यार्थियों को पुस्तकालय में अधिक से अधिक समय व्यतीत करने तथा ज्ञान में वृद्धि के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि बच्चों और विद्यार्थियों का व्यक्तित्व विकास खेलों और किताबो से अच्छी तरह से हो सकता है। पंचायत में पुस्तकालय का होना यहां के लोगों के व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों ने अहम भूमिका निभाई। इसके साथ ही साथ पुस्तकालय का संचालन ग्राम पंचायत नवरंगपुर के युवा मितान क्लब के सदस्यों द्वारा संचालन किया जायेगा।

**विनोबानगर आंगनबाड़ी केन्द्र भी मनाया गया माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम-** रायगढ़ के विनोबानगर आंगनबाड़ी केन्द्र में भी माहवारी स्वच्छता प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां यूनिसेफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर दिव्या राजपूत ने मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मासिक चक्र की शुरुआत वाली उम्र में किशोरियों को सही सलाह की बहुत जरूरत होती है। माहवारी या मासिक चक्र के दौरान स्वच्छता प्रबंधन पर ध्यान नहीं दिए जाने से संक्रमण का खतरा रहता है जिससे प्रजनन स्वास्थ्य पर भी असर पड़ सकता है। इसलिए विशेषकर किशोरियों के अभिभावकों को भी माहवारी स्वच्छता के बारे में जागरूक करना जरूरी है।

# माता-पिता की डांट फटकार से ट्रेन में बैठकर ओडिशा भागे दो नाबालिग बच्चे

**❒ थाने में रिपोर्ट के चंद घंटों बाद चक्रधरनगर पुलिस ने लापता बच्चों को ओड़िशा से लाया वापस**




**रायगढ़।** दिनांक 26.05.2023 के सुबह पंजरीप्लांट चक्रधरनगर में रहने वाली दो लड़कियां उम्र करीब 13 और 14 साल अपने-अपने घर से बैग लेकर निकली थी। शाम तक लड़कियों को वापस नहीं आने पर परिजन आसपास पता लगाये, कहीं पता नहीं चलने पर थाना चक्रधरनगर में सूचना दिये। थाना प्रभारी चक्रधरनगर टीआई प्रशांत राव आहेर को द्वारा नाबालिग के गुम रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 363 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अपने स्टाफ को पतासाजी में लगाया गया। चक्रधरनगर पुलिस को गुम बालिकाओं के सहेलियों से पूछताछ में जानकारी मिली कि दोनों अपने मित्रों को रेल्वे स्टेशन जाना बतायी थी। चक्रधरनगर पुलिस की एक टीम ने उस समय रायगढ़ से अप और डाउन दिशा में जाने वाली ट्रेनों का पता लगाया गया, जिस पर डाउन (ओड़िशा) की ओर लोकल ट्रेन जाने की जानकारी मिली, तत्काल सड़क मार्ग से टीआई प्रशांत राव, प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन और महिला आरक्षक अलिसा टोप्पो, बेलपहाड़ रेल्वे स्टेशन पहुंचे। जहां दोनों बच्चे मिले बैग लिये घूमते मिले, दोनों को वापस रायगढ़ लाया गया। पूछताछ में दोनों लड़कियों ने माता-पिता के डांट फटकार से घर से स्टेशन जाकर ओड़िशा वाली ट्रेन में बैठकर बेल पहाड़ जाना बताई हैं। चक्रधरनगर पुलिस को गुम बालिका के रिपोर्ट के मात्र 3 घंटों के भीतर बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब करने सफलता मिली है। दोनों लड़कियों की चाइल्ड लाइन में काउंसलिंग के बाद परिजनों के सुपुर्द किया गया है।

# पूर्णत: निशुल्क होगा राष्ट्रीय रामायण महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में जनता के लिए प्रवेश, नही लगेगा कोई पास

**❒ सत्तीगुडी चौक से पहुंच सकते हैं कार्यक्रम स्थल तक**

**❒ आमजन के वाहन पार्किंग के लिए की गयी है पृथक व्यवस्था**




**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ आगामी माह राममय होने जा रहा है। 01 से 03 जून तक रायगढ़ के रामलीला मैदान में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। महोत्सव के सभी कार्यक्रमों में जनता का प्रवेश पूर्णत: नि:शुल्क होगा। इसके लिए किसी भी प्रकार के पास की आवश्यकता नही होगी। आम जन सत्तीगुड़ी चौक की ओर से कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश कर सकते हैं। आम जन के वाहन के पार्किंग के लिए भी पृथक से व्यवस्था की जा रही है। आम जन की फोर व्हीलर पार्किंग की व्यवस्था गर्ल्स कॉलेज परिसर, गांधी गंज में की गई है। वहीं टू व्हीलर पार्किंग की व्यवस्था सेवा कुंज परिसर के पास, हंडी चौक में की गई है।

कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि महोत्सव में विशेष रूप से अरण्य कांड पर केंद्रित रामायण गाथा की प्रस्तुति होंगी। मान्यता है कि भगवान राम अपने वनवास काल के दौरान ज्यादातर समय छत्तीसगढ़ के दंडकारण्य में बिताए थे। महोत्सव में देश-विदेश के कलाकारों द्वारा भी आकर्षक स्वरूप में रामगाथा का मंचन किया जाएगा। तीन दिवसीय इस वृहद आयोजन में प्रतिदिन राष्ट्रीय स्तर के बड़े कलाकारों की प्रस्तुतियाँ भी होंगी। 1 जून को इंडियन आइडल फेम शंमुख प्रिया और सारेगम फेम शरद शर्मा शिरकत करेंगे। वहीं 2 जून को मशहूर गायक बाबा हंसराज रघुवंशी और लखबीर सिंह लक्खा की संगीतमय प्रस्तुतियाँ होंगी। 3 जून को लोकप्रिय भजन गायिका मैथिली ठाकुर और देश के मशहुर कवि कुमार विश्वास की प्रस्तुति से रामभक्ति की धारा बहेगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष पहल पर राज्य शासन द्वारा राम-वन-गमन पर्यटन परिपथ परियोजना के तहत भगवान राम के वनवास काल के दौरान यात्रा से जुड़े प्रदेश की ऐतिहासिक स्थलों को पर्यटन के रुप में विकसित किया जा रहा है। सरगुजा से लेकर बस्तर तक जहाँ-जहाँ राम के चरण पड़े हैं, उन स्थलों को पर्यटन के रुप में विकसित किया जा रहा है।

# धरमजयगढ़ पुलिस ने हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**❒ ग्राम बरतापाली में हुई थी युवक की हत्या**



**रायगढ़।** धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम बरतापाली में एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या किये जाने की सूचना थाना धमजयगढ़ को प्राप्त हुई। थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा द्वारा वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना से अवगत कराकर तत्काल मौके के लिये स्टाफ के साथ रवाना हुये। ग्राम बरतापाली में जानकारी मिली कि गांव के जोहित राम राठिया (30 साल) को गांव के ही कंचन सिंह राठिया (उम्र 40 वर्ष ) द्वारा झगड़ा, मारपीट के बीच चाकू से जोहित पर हमला कर हत्या के बाद से फरार है। थाना प्रभारी द्वारा मर्ग जांच कार्यवाही के साथ ही इलाके में आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिये स्टाफ लगाये जिनके द्वारा भागने की फिराक में लुक छिप रहे आरोपी कंचन सिंह राठिया को घेराबंदी कर पकड़ा गया जिसे आज हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। मृतक के नजदीकी रिस्तेदारों से पूछताछ में आरोपी कंचन सिंह राठिया द्वारा उसकी पत्नी के चरित्र शंका को लेकर कल दोपहर कंचन राठिया द्वारा जोहित राठिया से झगड़ा विवाद, मारपीट कर जोहित की चाकू से हत्या की बात सामने आ रही है।

घटना को लेकर मृतक जोहित राम राठिया पिता इंदल साय (30 साल) ग्राम बरतापाली के चचेरे भाई गजरूप सिंह राठिया (उम्र 37 वर्ष) निवासी ग्राम बरतापाली ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कर बताया कि दिनांक 27/05/2023 के दोपहर घटना की सूचना पाकर गांव के त्रिलोचन के घर जाकर देखा चचेरा भाई जोहित राम राठिया, त्रिलोचन राठिया के घर आंगन में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था जिसके हाथ एवं पसली के पास चाकू जैसा हथियार से चोट के निशान थे। जोहित की भाभी बिमला बाई राठिया से पूछने पर बताई कि कंचन सिंह राठिया और जोहित राम राठिया दोपहर करीब 01:30 बजे त्रिलोचन राठिया के घर आंगन में विवाद हो रहा था। कुछ समय बाद त्रिलोचन के आंगन में जोहित मृत पड़ा था। घटना की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। शव एवं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मौके पर उपलब्ध साक्ष्यों को एकत्र कर शव को पीएम के लिये भेजे और मौके से फरार आरोपी कंचन राठिया की पतासाजी कर गांव के समीप घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लिये जिससे घटना में प्रयुक्त चाकू एवं घटना समय पहने पकड़े की जप्ती की गई है। गिरफ्तार आरोपी आरोपी कंचन सिंह राठिया S/o नारिजन साय राठिया उम्र 40 वर्ष ग्राम बरतापाली थाना धरमजयगढ़ जिला – रायगढ़ को आज शाम हत्या के अपराध में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तत्काल आरोपी की पतासाजी, गिरफ्तारी में थाना प्रभारी धरमजयगढ़ उप निरीक्षक नंद लाल पैंकरा, सउनि अमृत मिंज, सउनि गंगाराम भगत, प्रधान आरक्षक प्रकाश तिवारी, पुष्पेन्द्र सिदार, ललित राठिया की प्रमुख भूमिका रही है।

# महापल्ली में 12 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**❒ अवैध रूप से शराब बेचे जाने की सूचना पर चक्रधरनगर पुलिस की कार्यवाही**



**रायगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन पर अवैध शराब पर की जा रही कार्यवाही के बीच आज दिनांक 28/05/2023 के सुबह थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर को अवैध शराब पर कार्यवाही के लिये लगाये गये मुखबिर से सूचना मिला कि महापल्ली का जितेंद्र किसान अपने घर पर अवैध रूप से महुआ शराब बिक्री के लिए रखा हुआ है। थाना प्रभारी द्वारा थाने से महिला प्रधान आरक्षक समुंद रनकर के हमराह आरक्षक रोशन एक्का और शैलेंद्र पैकरा को तस्दीकी एवं कार्यवाही के लिए महापल्ली रवाना किया गया। ग्राम महापल्ली में थाना चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा गवाहों को साथ लेकर संदेही जितेंद्र किसान के घर दबिश देकर संदेही को तलब किया गया जिससे अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने के संबंध में कड़ी पूछताछ किए जाने पर जितेंद्र किसान शराब बेचना स्वीकार कर घर अंदर से एक प्लास्टिक पन्नी अंदर भरा 12 लीटर महुआ शराब पेश किया जिसकी जब्ती कर आरोपी जितेंद्र किसान पिता मुरली किसान उम्र 22 साल निवासी महापल्ली थाना चकरनगर को थाने लाया गया। आरोपी पर थाना चक्रधरनगर में धारा 34(2),59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को

# शिक्षा गुणवत्ता विकास के लिए रायगढ़ में आयोजित हुई एक दिवसीय कार्यशाला

**❒ जिले के सभी विकासखण्डों से शामिल हुये विषय-विशेषज्ञ**





**रायगढ़।** जिले के स्कूलों में गुणवत्ता विकास के लिये कलेक्टर रायगढ़ तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय कार्यशाला कलेक्टोरेट के सृजन सभाकक्ष आयोजित हुई। इस दौरान सातों विकासखण्ड के बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी एवं गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के अध्यापन करने वाले चयनित शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान सीईओ मिश्रा ने विषय-विशेषज्ञ शिक्षकों से गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी विषय के अध्यापन के दौरान कौन-कौन सी परेशानी होती है, साथ ही बच्चों में निर्धारित न्यूनतम अधिगम किस तरह प्राप्त की जा सकती है, बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि कैसे विकसित होगी इसकी जानकारी प्राप्त किए। सीईओ मिश्रा ने प्रत्येक स्कूलों में विज्ञान की अभिरुचि बच्चों में कैसे विकसित हो इसके लिए क्या प्रयास करते हुए इसकी संकुलवार एवं स्कूलवार कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये। कार्यशाला के दौरान प्राथमिक एवं माध्यमिक स्तर पर कबाड़ से अध्ययन सामग्री तैयार कर सभी स्कूलो में उपयोग करने के निर्देश दिये। साथ ही नवीन सत्र में स्कूल खुलते ही कक्षा 6 से 12 तक कि कक्षाओं में नियमित रूप से प्रायोगिक कक्षायें अनिवार्य रूप से प्रारम्भ करने एवं नियमित रूप से अध्यापन कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये।

बच्चों में वैज्ञानिक अभिरुचि जागृत करने, गणितए विज्ञान तथा अंग्रेजी विषय के डर को दूर करने एवं सरल तरीके से किसी पाठ का अध्यापन कैसे किया जाय, इसके लिए तीनो विषयों के विषय शिक्षकों की जिला स्तरीय, विकासखण्ड स्तरीय एवं संकुल स्तरीय समिति गठित की जायेगी। जो उक्त तीनों विषयों में अध्यापन में आने वाली समस्याओं का समाधान करेगी, साथ ही शिक्षकों को विषय अध्यापन में हो रही परेशानियों को दूर करने में सहयोग करेगी। जिसके लिये तीनो विषयों के लिए व्हाट्सएप ग्रुप तैयार कर अध्यापन करने वाले सभी शिक्षकों को जोडऩे के निर्देश दिये गए।

कार्यशाला में शिक्षा विभाग के नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा ने बच्चों को अध्यापन करने के नए-नए तरीके अपनाकर रोचक तरीके से पढ़ाने का अनुरोध किया ताकि विषय वस्तु बच्चों को अच्छे तरीके से समझ आ सके। कार्यशाला के दौरान डीईओ बी.बाखला ने शिक्षकों से एन.ई. पी.2020 को विस्तार से अध्ययन कर दिये गए लक्ष्यों की पूर्ति निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। डीएमसी नरेन्द्र चौधरी ने शिक्षकों के द्वारा कक्षा शिक्षा के दौरान किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए इस पर प्रकाश डाला। कार्यशाला में एपीसी भुवनेश्वर पटेल ने साल भर तक गुणवत्ता विकास के लिये किस तरह की कार्यवाही की जानी है और क्या-क्या कार्य पूर्ण करना है, इसकी विस्तार से जानकारी देते हुये जिले में गुणवत्ता विकास में सभी शिक्षकों से सहयोग करने का आग्रह किया। एपीसी आलोक स्वर्णकार द्वारा एनएएस एवं आंसर रिपोर्ट में जिले की वर्तमान स्थिति एवं बेहतर सुधार के प्रयासों पर विस्तार से चर्चा किया। इसी तरह की कार्यशाला का आयोजन विकासखण्ड स्तर पर आयोजित कर कार्यक्रम के बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश सभी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को दिये गये, ताकि गुणवत्ता विकास धरातल पर दिख सके। कार्यशाला के दौरान एपीसी भूपेंद्र पटेल, एपीसीए प्रभारी मनोज पटेल सीएसी के साथ सभी विकासखण्ड के बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी एवं विषय-विशेषज्ञ शिक्षक उपस्थित थे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480